Seventeenth Loksabha

>

Title: Need to provide purified drinking water in the Tribal areas of Bastar.

श्री दीपक बैज (**बस्तर**): अध्यक्ष महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र बस्तर के अंतर्गत ग्रामीण व आदिवासी क्षेत्र के दो ब्लॉक आते हैं । बस्तर के बेसुली और बाकेल तथा बकावंड के छिन्द गांव, गारेंगा, सतोसा बड़े जिला आकार के लगभग 15 से 20 गांव ऐसे हैं जो पूर्णत: फ्लोराइडयुक्त गांव हैं और उक्त फ्लोराइड युक्त पानी पीने से वहां के ग्रामीणों के दांत, हड्डी तथा शरीर टेढ़े-मेढ़े और विकलांग हो रहे हैं । इसलिए मैं केंद्र सरकार से मांग कर रहा हूं कि इस पर गंभीरता से विचार करे और शुद्ध पानी की व्यवस्था करे ।